## देवगढ़ चोरी का खुलासा

# 42 लाख के जेवर-बंदूक बरामद, 6 गिरफ्तार



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 7 जून।** देवगढ़ थाना क्षेत्र के गुढ़ा चंबल गांव में 21 मई को हुए चोरीकांड का पुलिस ने रविवार को खुलासा कर दिया। पुलिस ने वारदात में शामिल रहे 6 बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि एक अभी फरार है। बदमाशों के कब्जे से चुराए गए 42 लाख रूपये के जेवरात, 1 लाख नकदी, 315 बोर की बंदूक, 25 जिंदा राउंड के साथ घटना में प्रयुक्त कार भी बरामद की है।

**➧ 22 मई को हुई थी घटना, आरोपियों पर घोषित था 32 हजार का इनाम**

चोरीकांड का खुलासा एसपी धर्मराज मीणा ने रविवार की शाम पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित प्रेसवार्ता में किया। उनके साथ रक्षित निरीक्षक रविकांत शुक्ला, एसडीओपी जौरा नितिन बघेल, थाना प्रभारी जौरा निरीक्षक ओपी रावत, बागचीनी निरी. शशि कुमार, देवगढ़ थाना प्रभारी एसआई जयपाल सिंह गुर्जर, सायबर सैल के एसआई अभिषेक जादौन उपस्थित थे।

**दिन में नहीं देर रात को हुई थी चोरी की घटना :** एसपी धर्मराज मीणा ने बताया कि फरियादी विष्णु सिंह सिकरवार ने वारदात दोपहर में होना बताई थी। जिसकी वजह फरियादी और उसके परिवारीजनों के वारदात को लेकर कन्फ्यूजन का होना रहा। जांच के दौरान घटना रात में होना पता चला।

### जानिए, बदमाशों से बरामद हुए माल के बारे में

42 लाख के सोना-चांदी के जेवरात, 01 लाख रूपये नकदी, करीब ढाई लाख कीमती 315 बोर लाइसेंसी बंदूक, 25 जिंदा कारतूस, चोरी में प्रयुक्त कार, ताला तोड़ने के औजार जिसमें लोहे की रॉड, छैनी, हथौड़ी आदि आरोपियों से पुलिस ने बरामद किए है।



**आरोपी रामप्रकाश ने 1 लाख के लिए बदमाशों को दी जानकारी :** पुलिस अधिकारियों ने बताया कि चोरी की घटना को अंजाम देने वाले बदमाशों को पीड़ित विष्णु सिंह सिकरवार के करीबी रामप्रकाश सिकरवार नि. गुढ़ा चंबल ने ही उनके घर सहित कमरे में रखे जेवरात, बंदूक के बारे में जानकारी दी और साथ मिलकर रैकी भी कराई थी। जिसके लिए उसने बदमाशों से 1 लाख रूपये की डिमांड की थी।

**बदमाशों पर 2 जिलों से घोषित था 32 हजार 500 का इनाम :** एसपी धर्मराज मीणा ने प्रेसवार्ता में बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों पर मुरैना पुलिस की ओर से पांच-पांच हजार एवं एक आरोपी के ऊपर ग्वालियर पुलिस ने 2500 रूपये का इनाम घोषित किया था।

**6 आरोपियों पर विभिन्न थानों में दर्ज है कुल 38 अपराध :** गिरफ्तार किए गए सभी बदमाशों के विरुद्ध मुरैना, ग्वालियर एवं भिंड जिलों के विभिन्न थानों में चोरी, आर्म्स एक्ट, नकबजनी, 11, 13 एमपीडीपीके एक्ट सहित अन्य संगीन धाराओं में कुल 38 आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध है।

### चोरीकांड में शामिल 6 आरोपी गिरफ्तार, 1 फरार

रामस्वरूप उर्फ स्वरूपा गुर्जर नि. घासीराम का पुरा, दौनारी, बागचीनी, राहुल उर्फ गूंगा गुर्जर नि. घासीराम का पुरा, दौनारी, बागचीनी, प्रदीप पुत्र विजय सिंह नि. घासीराम का पुरा, दौनारी, बागचीनी, जसरथ उर्फ कल्लू पुत्र केदार सिंह नि. दोहरा, सुमावली, देशराज उर्फ देशा पुत्र रूसी गुर्जर नि. घासीराम का पुरा, दौनारी, रामप्रकाश उर्फ रम्पा गुर्जर नि. गुढ़ा चंबल, देवगढ़। वहीं घटना में शामिल रहा भगूपुरा कठमा थाना गोहद निवासी एक आरोपी अभी फरार बना हुआ है।

### चोरीकांड के खुलासा करने में इनका रहा सराहनीय योगदान

थाना प्रभारी देवगढ़ एसआई जयपाल गुर्जर, निरीक्षक जौरा ओपी रावत, बागचीनी शशि कुमार, सायबर सैल प्रभारी एसआई अभिषेक जादौन, एएसआई कन्हैयासिंह सिकरवार, प्र.आर. चन्द्रशेखर, विपिन, रामकुमार शर्मा, आरक्षक सुनील शर्मा, शैलेन्द्र सिंह, रामेन्द्र सिंह, बहुदेव, नरेन्द्र, अभिषेक भदौरिया, दिलशाद खान, नारायण सिंह, धीरेन्द्र शर्मा, आर. चालक बांकेलाल, सायबर सैल के प्र.आर. सुदेश कुमार, संजीव अटल, दुष्यंत शर्मा, कुलदीप दोहरे, आरक्षक रामकिशन, शैलेन्द्र सिंह, राहुल कुंतल, राहुल कुशवाह, योगेन्द्र सिंह, मीरेन्द्र सिंह, प्रशांत, जौरा थाने से प्र.आर. प्रवेन्द्र तोमर, आर. सत्यम, एसडीओपी कार्यालय जौरा से आरक्षक लोकेश, बंटी का चोरीकांड के खुलासे में सराहनीय योगदान रहा है।

## जौरा में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन 11 जून को

**मुरैना/जौरा, 7 जून।** अग्रवाल महासभा जौरा एवं मेट्रो न्यूरो स्पाइन इंस्टीट्यूट एंड मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल ग्वालियर के संयुक्त तत्वावधान में 11 जून को अग्रवाल धर्मशाला जौरा में निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर प्रात: 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक संचालित होगा, जिसमें क्षेत्र के मरीजों को विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क परामर्श प्रदान किया जाएगा।

अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष डॉ. अशोक सिंघल ने बताया कि शिविर में न्यूरोसर्जन डॉ. संतोष त्रिपाठी न्यूरो, स्पाइन, लकवा, ब्रेन ट्यूमर, माइग्रेन एवं कमर दर्द से संबंधित रोगों के मरीजों की जांच कर उन्हें उचित सलाह देंगे। वहीं हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ सर्जन डॉ. स्वप्निल जोशी पीड़ित मरीजों को परामर्श देंगे। रीढ़ एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. आशीष कुकरेजा भी मरीजों का परीक्षण कर परामर्श देंगे।

# निःशुल्क प्रशिक्षण शिविर में बच्चे सीख रहे डांस-ड्रॉइंग



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 7 जून।** जिला अग्रवाल संघ महिला मंडल द्वारा आयोजित 30 दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण शिविर इन दिनों युवाओं और बच्चों की प्रतिभाओं को नई उड़ान दे रहा है। शिविर में करीब 200 युवतियां एवं बच्चे डांस, ड्राइंग, पेंटिंग और मेहंदी कला का प्रशिक्षण अनुभवी प्रशिक्षकों से प्राप्त कर रहे हैं।

प्रतिभागियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए डांस प्रशिक्षण के लिए बच्चों और महिलाओं के अलग-अलग बैच बनाए गए हैं। शिविर की विशेषता यह है कि इसमें प्रशिक्षण, पंजीयन और सहभागिता पूरी तरह निःशुल्क रखा गया है, जिससे आर्थिक कारण किसी भी प्रतिभा की राह में बाधा न बनें।

**➧ अग्रवाल संघ महिला मंडल के शिविर में 200 से अधिक युवतियां और बच्चे शामिल**

शिविर में सभी वर्गों और समुदायों के प्रतिभागी उत्साहपूर्वक हिस्सा ले रहे हैं। मुरैना शहर के अलावा माताबसैया सहित दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों से भी युवतियां प्रतिदिन प्रशिक्षण लेने आ रहीं हैं।

आयोजकों का कहना है कि ऐसे कार्यक्रम न केवल प्रतिभाओं को निखारते हैं, बल्कि सामाजिक समरसता और आत्मविश्वास को भी बढ़ावा देते हैं। शिविर में शाम 4 से 5 बजे तक ड्राइंग, पेंटिंग एवं मेहंदी प्रशिक्षण, 12 वर्ष तक के बच्चों का डांस प्रशिक्षण शाम 5 से 5.45 बजे बजे तक और युवतियों के लिए डांस प्रशिक्षण का समय शाम 5.45 से 6.30 बजे तक निर्धारित किया गया है।

# यात्री बस में आग लगी, हादसा टला

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 7 जून।** रविवार की दोपहर मुरैना से सवारियां लेकर पोरसा की ओर जा रही जयभारत ट्रेवल्स की एक निजी यात्री बस में अचानक आग लग गई।

**➧ स्टेशन रोड थाना क्षेत्र में गंजरामपुर गांव के पास हुई घटना**

बस से धुआं निकलते हुए देखकर ड्राईवर ने मुरैना-अंबाह रोड पर गंजरामपुर गांव के पास बस को रोक लिया। कुछ ही देर में बस में बैठी सवारियां नीचे उतर गईं। बस के ड्राईवर, कंडक्टर ने आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू कर दिए।



बताया गया है कि जल्द ही आग पर काबू पा लिया गया। हादसे में जानमाल का नुकसान होने की कोई खबर नहीं है।

**इनका कहना है...**

यात्री बस में आग लगने की खबरें मिलीं थी, पुलिस टीम ने बायपास से जींगनी तक सर्च किया, लेकिन कहीं बस नहीं मिली है।

**- संजय बरैया**
**इंचार्ज थाना प्रभारी स्टेशन रोड**

## द्वितीय चरण की सूची जारी

**भोपाल, 7 जून.** प्रदेश के महाविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया चल रही है. उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संचालित ई-प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए द्वितीय चरण की आवंटन सूची जारी कर दी गई है. इस चरण में प्रदेशभर के 1 लाख 25 हजार 917 विद्यार्थियों को विभिन्न महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए सीट आवंटित की गई है. जारी सूची के अनुसार स्नातक स्तर पर 93 हजार 546 विद्यार्थियों तथा स्नातकोत्तर स्तर पर 32 हजार 371 विद्यार्थियों को महाविद्यालय आवंटित किए गए



# डॉ. दुष्यंत ने पुलिसकर्मियों को बताया हार्ट अटैक से कैसे बचें

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 7 जून।** तनावपूर्ण और चुनौतीपूर्ण ड्यूटी के बीच पुलिस कर्मियों को स्वस्थ हृदय का संदेश देने के उद्देश्य से पहल परिवार द्वारा रविवार को शहर के एक निजी होटल में कार्डियक अवेयरनेस सेमीनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रख्यात हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. दुष्यन्त देव ने हार्ट अटैक के शुरुआती लक्षणों, बचाव और समय पर उपचार के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी।



**➧ पहल परिवार के सेमीनार में कार्डियोलॉजिस्ट ने दी जीवनरक्षक जानकारी**

सेमीनार में 125 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। डॉ. देव ने बताया कि सीने में दर्द, अत्यधिक पसीना आना और बाएं हाथ या जबड़े में दर्द जैसे संकेतों को नजरअंदाज करना घातक हो सकता है। उन्होंने नियमित स्वास्थ्य जांच, व्यायाम, संतुलित आहार और तंबाकू से दूरी को स्वस्थ हृदय का मूल मंत्र बताया।

कार्यक्रम का विशेष आकर्षण इमरजेंसी कार्डियक मेडिसिन किट का विमोचन रहा, जिसे हृदयाघात जैसी आपात स्थिति में प्राथमिक सहायता के लिए तैयार किया गया है। सीएमएचओ डॉ. पद्मेश उपाध्याय ने पहल परिवार की इस जनहितैषी पहल की सराहना करते हुए इसे पुलिस बल के स्वास्थ्य संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम में एसडीएम भूपेन्द्र सिंह, रक्षित निरीक्षक रविकान्त शुक्ला सहित अनेक अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# चंबल के घाटों पर पहुंचे कलेक्टर-एसपी

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 7 जून।** अवैध रेत उत्खनन और परिवहन पर शिकंजा कसने के लिए रविवार को कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ और पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीणा ने चंबल के राजघाट, रिठौराखुर्द एवं कुल्हाड़ा घाट का संयुक्त निरीक्षण किया। अधिकारियों ने घाटों पर तैनात पुलिस बल को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी कीमत पर अवैध रेत परिवहन नहीं होने दिया जाए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री जांगिड़ ने स्थायी पुलिस चौकियों और टेंटों में तैनात जवानों को पूरी सतर्कता के साथ निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अवैध गतिविधियों की सूचना मिलते ही तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीणा ने नियमित गश्त बढ़ाने और अवैध खनन में लिप्त लोगों के खिलाफसख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। दोनों अधिकारियों ने राजघाट स्थित एसएएफ कैंप से रेलवे पुल तक पैदल भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था, निगरानी तंत्र और तैनात बल की कार्य प्रणाली का जायजा लिया। कलेक्टर और एसपी ने स्थानीय ग्रामीणों से भी संवाद कर अवैध खनन रोकने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। निरीक्षण के दौरान वन मंडलाधिकारी हरिश्चंद्र बघेल सहित राजस्व, पुलिस एवं वन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।



# महर्षि गालव जयंती पर जौरा में निकला चल समारोह

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 7 जून।** महर्षि गालव जयंती के अवसर पर समस्त त्यागी ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में रविवार को जौरा नगर में भव्य चल समारोह निकाला गया। चल समारोह का शुभारंभ त्यागी धर्मशाला से हुआ। एमएस रोड पर क्षेत्रीय विधायक पंकज उपाध्याय ने चल समारोह का स्वागत कर समाज को शुभकामनाएं दीं।

ब्राह्मण समाज के ललित पाराशर, ऋषि पाराशर, प्रमोद शर्मा, अविनाश शर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने भी श्रद्धापूर्वक स्वागत किया। इसी क्रम में वरिष्ठ समाजसेवी एवं भाजपा नेता कैलाश मित्तल सहित नगर के अनेक व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठानों एवं निवासों पर स्वागत कर सामाजिक सौहार्द का परिचय दिया। चल समारोह चंद्रशेखर आजाद रोड, नया बाजार, तहसील चौराहा, सदर बाजार, हनुमान चौराहा, पचबीघा, तिकोनिया पार्क और एमएस रोड से होते हुए पुनः त्यागी धर्मशाला पहुंचा, जहां समापन हुआ। कार्यक्रम के समापन पर युवा समाजसेवी नीरज त्यागी एवं एलएन त्यागी ने चल समारोह का स्वागत करने वाले सभी समाजसेवियों, व्यापारियों एवं नगरवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में एकता, संस्कार और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करते हैं।



# किसानों की समृद्धि व आर्थिक उन्नति को सरकार प्रतिबद्ध : महेन्द्र



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 7 जून।** मप्र अपेक्स बैंक के प्रशासक महेन्द्र सिंह यादव ने कहा है कि किसानों की आर्थिक उन्नति, कृषि विकास और समृद्धि के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। हरित सहकार अभियान पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण विकास को नई दिशा देगा।

प्रशासक श्री यादव रविवार को अल्प प्रवास के तहत मुरैना पहुंचे थे। प्रवास के दौरान श्री यादव ने रिठौराकलां, पढ़ावली, कुतवार, अजनौधा, दिमनी, गोठ, बड़फरा एवं अंबाह क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न सहकारी संस्थाओं एवं पैक्स समितियों में आयोजित कार्यक्रमों में भाग लिया और किसानों, जनप्रतिनिधियों एवं सहकारिता कर्मियों से संवाद किया। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर श्री यादव ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत विभिन्न संस्थाओं में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने किसानों और कर्मचारियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण का संकल्प लेने की अपील की। इसके साथ ही ईंधन बचाओ-ऊर्जा बचाओ और वोकल फॉर लोकल जैसे जनजागरूकता अभियानों को ग्रामीण स्तर तक पहुंचाने पर जोर दिया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री गिर्राज डंडौतिया, भाजपा नेता दिनेश शर्मा, बृजराज सिंह चौहान, श्यामवीर सिंह गुर्जर सहित बैंक एवं सहकारिता विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मौसम ने बदली करवट

**भोपाल, 7 जून.** मध्यप्रदेश में प्री-मानसून गतिविधियां लगातार सक्रिय बनी हुई हैं. प्रदेश के कई जिलों में बारिश, आंधी और ओलावृष्टि का दौर जारी है. मौसम विभाग ने अगले चार दिनों तक प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में तेज हवाओं और बारिश की संभावना जताई है. वहीं उत्तरी मध्यप्रदेश के कुछ जिलों में 9 और 10 जून को लू चलने की चेतावनी भी जारी की गई है. दक्षिण भारत में मानसून तेजी से आगे बढ़ रहा है और गोवा तक पहुंच चुका है. इसके जल्द महाराष्ट्र में प्रवेश करने की संभावना है. यदि यही रफ्तार बनी रही तो मध्य प्रदेश में मानसून सामान्य समय के आसपास या उससे पहले दस्तक दे सकता है. प्रदेश में मानसून की एंट्री 15 जून के आसपास दक्षिणी जिलों से होती है. शाजापुर में तेज बारिश के साथ चने के आकार के ओले गिरे. वहीं नर्मदापुरम, सीहोर, सिवनी, खरगोन सहित कई जिलों में बारिश दर्ज की गई. तेज हवाओं के कारण कई स्थानों पर पेड़ और टीनशेड गिरने की घटनाएं भी सामने आईं. बारिश के चलते लोगों को गर्मी से राहत मिली, हालांकि उमस का असर बना हुआ है.

## शिक्षकों की ट्रांसफर प्रक्रिया आज से शुरू

**भोपाल, 07 जून.** मप्र स्कूल शिक्षा विभाग ने राज्य के शिक्षकों और शैक्षणिक कर्मचारियों के ट्रांसफर को लेकर नए दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं. आदेश के मुताबिक प्रशासनिक ट्रांसफर के प्रस्तावों का पंजीकरण 8 जून से प्रारंभ होगा. एक जिले से दूसरे जिले में तबादले के इच्छुक शिक्षक 8 जून से 15 जून के मध्य आवेदन कर सकेंगे. वहीं जिला संभाग और राज्य संवर्ग के पदों के लिए ऑनलाइन 17 जून तक स्वीकार किए जाएंगे.

# परिवहन दस्ते पर चढ़ाने दौड़ाया ट्रैक्टर, बाल-बाल बचीं एसआई

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 7 जून।** जिले में अवैध खनन माफियाओं के हौसले किस कदर बुलंद हैंए इसका उदाहरण रविवार सुबह उस समय देखने को मिला जब एनएच-44 पर चेकिंग कर रही परिवहन विभाग की टीम पर एक ट्रैक्टर चालक ने वाहन चढ़ाने का प्रयास कर दिया। चालक ने ट्रैक्टर रोकने के बजाय विभागीय स्कॉर्पियो को टक्कर मारते हुए फरार होने की कोशिश की।

**➧ खनन माफिया की दबंगई, स्कार्पियो को टक्कर मारकर भागे ट्रैक्टर-ट्रॉली, 2 किमी पीछा कर पकड़े**



जानकारी के अनुसार परिवहन उपनिरीक्षक मीनाक्षी गोखले अपनी टीम के साथ विक्रम नगर क्षेत्र में बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों की जांच कर रही थीं। इसी दौरान एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को रुकने का संकेत दिया गया, लेकिन चालक ने रफ्तार बढ़ा दी और स्कॉर्पियो में टक्कर मारकर निकल गया। इस दौरान उपनिरीक्षक गोखले बाल-बाल बच गईं। घटना के बाद परिवहन विभाग की टीम ने ट्रैक्टर का करीब चार किलोमीटर तक पीछा किया। भागने की जल्दबाजी में चालक ट्रैक्टर को बिजली के खंभे से टकराकर मौके पर छोड़ गया और फरार हो गया। टीम ने ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर सिविल लाइन थाना पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। चेसिस नंबर के आधार पर वाहन मालिक की पहचान की जा रही है। प्रारंभिक जांच में ट्रैक्टर का संबंध नूराबाद क्षेत्र से होना सामने आया है। परिवहन उपनिरीक्षक मीनाक्षी गोखले ने बताया कि यदि स्कॉर्पियो वाहन आड़ी स्थिति में खड़ा नहीं होता तो बड़ा हादसा हो सकता था।

**इनका कहना है...**

परिवहन विभाग की शिकायत पर अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

**- उदयभान सिंह**
**थाना प्रभारी सिविल लाइन**

## सुरक्षा को लेकर रेलवे का जागरूकता अभियान

**भोपाल, 7 जून.** पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल में अंतर्राष्ट्रीय समपार फाटक जागरूकता सप्ताह के तहत सुरक्षा अभियान लगातार चलाया जा रहा है. 6 जून से 12 जून 2026 तक आयोजित इस विशेष अभियान का उद्देश्य सड़क उपयोगकर्ताओं को समपार फाटकों पर सुरक्षित व्यवहार के प्रति जागरूक करना और दुर्घटनाओं को रोकना है. मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी के मार्गदर्शन में संरक्षा, इंजीनियरिंग, परिचालन, यांत्रिक, वाणिज्यिक, सिग्नल एवं दूरसंचार विभाग के साथ रेलवे सुरक्षा बल की संयुक्त टीम विभिन्न समपार फाटकों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रही है.


**कार्यालय, म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल संभाग मुरैना**

क्रमांक-1785....मुरैना
दिनांक-04/06/2026

**सार्वजनिक सूचना**

म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल द्वारा निर्मित भवन क्रं. एमआईजी द्वितीय-689 मयूरवन कॉलोनी मुरैना जो कि श्री जयपाल सिंह जादौन पुत्र श्री वीरेन्द्रपाल सिंह जादौन नाम से इंद्राज है। इनके द्वारा उक्त भवन को श्रीमती ऋतु शर्मा पत्नी श्री जीतेन्द्र शर्मा ने अपने नाम नामांतरण/ हस्तांतरण बावत आवेदन किया है. जो कि इस कार्यालय में विचाराधीन है इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस बावत प्रतिवेदन इस कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति लिखित में प्रस्तुत करें, निर्धारित समयावधि व्यतीत होने के उपरांत कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल के नियमानुसार भवन/भूखण्ड हस्तांतरण/ नामांतरण की कार्यवाही की जा सकेगी.

**सम्पदा प्रबंधक**
**म.प्र.गृ.नि.एवं अधो. विकास मण्डल संभाग-मुरैना म.प्र.**

**कार्यालय, म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल संभाग मुरैना**

क्रमांक-1788...मुरैना
दिनांक-04/06/2026

**सार्वजनिक सूचना**

म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल द्वारा निर्मित भवन क्रं. ईडब्ल्यूएस-540 पुरानी हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी जौराखुर्द मुरैना जो कि श्री नत्थी सिंह पुत्र स्व. श्री लफूरी को आवंटित किया गया था। मूल आवंटी की मृत्यु हो चुकी है। मूल आवंटी द्वारा उक्त भूखण्ड क्रं. ईडब्ल्यूएस-540 श्रीमती किरण मिश्रा पत्नी स्व. श्री यज्ञदत्त मिश्रा को विक्रय पत्रक कर दिया गया था। श्रीमती किरण मिश्रा पत्नी स्व. श्री यज्ञदत्त मिश्रा के द्वारा मंडल में अपने नाम नामांतरण/ हस्तांतरण बावत आवेदन किया है. जो कि इस कार्यालय में विचाराधीन है इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस बावत प्रतिवेदन इस कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति लिखित में प्रस्तुत करें, निर्धारित समयावधि व्यतीत होने के उपरांत कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल के नियमानुसार भवन/भूखण्ड हस्तांतरण/नामांतरण की कार्यवाही की जा सकेगी.

**सम्पदा प्रबंधक**
**म.प्र.गृ.नि.एवं अधो. विकास मण्डल संभाग-मुरैना म.प्र.**

**कार्यालय, म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल संभाग मुरैना**

क्रमांक- ...मुरैना
दिनांक-04/06/2026

**सार्वजनिक सूचना**

म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल द्वारा निर्मित भवन क्रं. ईडब्ल्यूएस-53 पुरानी हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी जौराखुर्द मुरैना जो कि श्रीमती सुमन सिंह पत्नी स्व. श्री नरेन्द्र बहादुर सिंह को आवंटित किया गया था। इनके द्वारा उक्त भवन क्रं. ईडब्ल्यूएस-53 श्रीमती नीरू गुप्ता पत्नी श्री मुकेश गुप्ता को विक्रय कर दिया गया। इनके द्वारा उक्त भवन को मंडल में नामांतरण नहीं कराया गया है। श्रीमती नीरू गुप्ता पत्नी श्री मुकेश गुप्ता की मृत्यु दिनांक 28/12/2020 को हो चुकी है। इनकी पुत्रीगण श्रीमती शिवानी गुप्ता पत्नी श्री अंकित एवं कुमारी शालिनी गुप्ता पुत्री मुकेश गुप्ता के द्वारा उक्त भवन क्रं. ईडब्ल्यूएस-53 अपने नाम नामांतरण/ हस्तांतरण बावत आवेदन किया है. जो कि इस कार्यालय में विचाराधीन है इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस बावत प्रतिवेदन इस कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति लिखित में प्रस्तुत करें, निर्धारित समयावधि व्यतीत होने के उपरांत कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल के नियमानुसार भवन/भूखण्ड हस्तांतरण/नामांतरण की कार्यवाही की जा सकेगी.

**सम्पदा प्रबंधक**
**म.प्र.गृ.नि.एवं अधो. विकास मण्डल संभाग-मुरैना म.प्र.**